# ऑफिस से 7 लाख चोरी, कर्मचारियों पर टिकी जांच

## निजी कंपनी के अकाउंट सेक्शन से वारदात

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में निजी कंपनी के ऑफिस से सात लाख रुपए चोरी होने के मामले में पुलिस अब तक खाली हाथ है. घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद न तो आरोपी हाथ लगे हैं और न ही चोरी की रकम का कोई ठोस सुराग मिला है.**

मामले में पुलिस की जांच अब कंपनी के कुछ कर्मचारियों के इर्द-गिर्द सिमट गई है. यह चोरी महालक्ष्मीनगर स्थित लोक्सो काउंटी पार्क नामक कंपनी के ऑफिस में हुई थी. कंपनी के




कर्मचारी ईश्वर पंवार ने लसूड़िया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. शिकायत के अनुसार अज्ञात बदमाश ऑफिस में घुसा और अकाउंट विभाग की तिजोरी से सात लाख रुपए निकालकर फरार हो गया. यह रकम कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए रखी गई थी. संबंधित कंपनी रेलवे से जुड़े ठेके लेने का काम करती है. पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं, लेकिन कैमरों में कैद व्यक्ति का चेहरा स्पष्ट नहीं होने के कारण पहचान नहीं हो सकी है. इसी वजह से जांच को आगे बढ़ाने में दिक्कत आ रही है. सूत्रों के अनुसार पुलिस को इस चोरी में किसी बाहरी व्यक्ति से ज्यादा कंपनी के कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध लग रही है.

## दोस्त बनाकर युवती ने लगाया युवक को 2 .20 लाख का चूना

### फेसबुक पर भेजी थी रिक्वेस्ट, मुनाफे का दिखाया था सपना

**उज्जैन.** फेसबुक पर आई युवती की फ्रेंड रिक्वेस्ट युवक को भारी पड़ गई. युवती ने पहले दोस्ती की फिर प्रेमजाल में फंसाया और फिर एप्प डाउनलोड कराकर मुनाफे का लालच दिया. युवक के साथ 2 .20 लाख की ठगी हुई तो उसने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराकर युवती पर कार्रवाई की बात कहीं है. बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि ग्राम मेहतवास स्थित अम्बे कालोनी में रहने वाले अभिशेष पिता सतीश गुप्ता ने शिकायती आवेदन देकर अपने साथ 2 लाख 20 हजार 737 रुपये की ऑनलाइन ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई है. अभिशेष के अनुसार अगस्त माह में उसके पास जानवी मल्होत्रा निवासी बैंगलूर की फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी. जिसे एक्सेप्ट करने के बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई. कुछ दिनों बाद जानवी ने शेयर मार्केट में पैसा लगाने और काफी मुनाफा होने की बात कहीं. उसने कपितमाल नाम का एप्प डाउनलोड करने का कहा. एप डाउनलोड करने पर उसने पहले 20 हजार रुपये लगाये. 3-4 दिनों में अच्छा मुनाफ मिला. 2 माह तक पैसे लगाने पर उससे मुनाफा मिलता रहा. नवम्बर-दिसंबर माह में उसने 2 .20 लाख रुपये शेयर मार्केट के एप में इंवेस्ट किये, लेकिन कुछ दिनों बाद राशि विड्राल नहीं हुई. अब उसका अकाउंट बंद कर दिया गया है. थाना प्रभारी के अनुसार अभिशेष ने उक्त युवती का नम्बर उपलब्ध कराया है, जिस पर कुछ महीनों से बात कर रहा था. उक्त नंबर भी बंद आ रहा है. शिकायत पर जांच शुरू की गई है.



# यूजीसी काले कानून के विरोध में दुकानों के गिरे रहे शटर

- एक्ट का जमकर हुआ विरोध, बंद रखी दुकानें
- सड़क और चौराहो पर तैनात रहा पुलिस बल

**रीवा, 1 फरवरी. यूजीसी काले कानून के खिलाफ भारत बंद का असर रीवा में दिखा. सुबह से लेकर शाम तक दुकानो के शटर गिरे रहे. सवर्ण समाज एवं बुद्धजीवी समुदाय के लोगो ने बाजार बंद कराया.**

युवाओं की टोली शहर भर में घूमती रही. व्यापारियों ने समर्थन करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे. रीवा शहर पूर्णतः बंद रहा और यूजीसी काले कानून का जमकर विरोध देखने को मिला. सवर्ण समाज में आक्रोश एक्ट को लेकर साफ तौर पर देखने को मिला. शांतिपूर्ण तरीके से बंद रहा, कही किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही हुई. सुबह से ही व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे, जिसके चलते व्यापार दोपहर तक पूरी तरह से ठप्प रहा. पहले से ही लोगो को पता था कि रविवार को रीवा बंद रहेगा, जिसके चलते शहर की सडक़ो में लोगो की भीड़ कम रही. एक दिन पूर्व ही रीवा बंद की अपील की गई थी परिणाम स्वरूप व्यापारियों ने दुकान बंद रखी. शाम चार बजे तक दुकानो के शटर गिरे रहे, शाम को दुकाने खुली. हालत यह थी कि चाय-पान की दुकाने तक बंद थी. यूजीसी काले कानून के विरोध में सभी सवर्ण समाज के संगठन एकजुट होकर विरोध करने सडक़ पर उतरे. युवाओ की टोली कालेज चौराहा से नारेबाजी करते हुए शिल्पी प्लाजा पहुंची और इस काले कानून का जमकर विरोध किया और कहा कि काला कानून वापस लिया जाय. शहर में युवाओं की टोली घूमती रही, लिहाजा शिल्पी प्लाजा, फोर्ट रोड़, सर्राफा बाजार, व्यंकट बाजार, अमहिया बाजार सहित सभी जगह दुकाने बंद रही. शहर में बंद का व्यापक असर देखने को मिला. चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी सभी चौराहो पर पुलिस बल तैनात था ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो. ढ़ेकहा से लेकर रतहरा तक दुकाने बंद रही.

# रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

## रीवा लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, 10 हजार लेते दबोचा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 फरवरी. जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ रीवा लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चुरकी हल्का के पटवारी अमरीश सिंह बैस को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है.**

पटवारी पर सीमांकन और बंटवारे के काम के बदले शिकायतकर्ता से कुल 30 हजार रूपये की अवैध मांग करने का आरोप है. लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महेंद्र प्रसाद यादव पिता रामजनम यादव निवासी चुरकी ने रीवा लोकायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि चुरकी हल्का का पटवारी अमरीश सिंह वैश्य पिता रामशिरोमणि बैस उम्र 40 वर्ष निवासी आजादपूर उसके भूमि संबंधी सीमांकन और बंटवारे के कार्य को करने के लिए 30 हजार की रिश्वत मांग रहा है. शिकायत की गंभीरता को देखते हुए लोकायुक्त टीम ने पहले मामले का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई. सत्यापन के बाद लोकायुक्त निरीक्षक संदीप भदौरिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की. तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता से 10 हजार की पहली किश्त लेते ही पटवारी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया.

> रिश्वत की राशि आरोपी के पास से बरामद कर ली गई है. कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और आरोपी पटवारी को हिरासत में ले लिया. उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है. इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है. लोकायुक्त की इस कार्रवाई को प्रशासनिक महकमें में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है.

# फोरेन रिटर्न बीटेक पास चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल, 1 फरवरी. जीआरपी भोपाल ने ट्रेन में चोरी करने वाले एक फोरेन रिटर्न बी टेक पास चोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब सात लाख का सामान बरामद किया गया है.**

आरोपी ऑनलाइन वेटिंग गेम की लत में पैसे हार गया था. आर्थिक तंगी के कारण भोपाल आकर ट्रेन में चोरी करने लगा. आरोपी लखनऊ निवासी पुणे यूनिवर्सिटी से बी टेक पास कर फोरेन रिटर्न है. जीआरपी भोपाल प्रभारी जहीर खान ने बताया कि बीते 20 जनवरी को फरियादी अफशा बेगम (52) निवासी वजीरपुर आगरा ट्रेन 22222



राधजानी एक्स. से सफर कर रही थी. कोच ए-1 में आगरा से मुंबई की यात्रा के दौरान स्टेशन भोपाल पर उनके सिराहने रखा लेडीस पर्स कोई अज्ञात बदमाश नींद का फायदा उठाकर चोरी कर ले गया. अफशा के पर्स के सोने-चांदी के सामान के साथ 35 हजार नकद और जरूरी कागजात थे.

## आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूरिया ने किए माता रानी के दर्शन

**नलखेड़ा, 1 फरवरी.** आदिवासी कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया शनिवार शाम 4 बजे नलखेड़ा विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे. जहां पूजा अर्चना कर हवन किया गया. जिसके पश्चात् आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विंक्रात भूरिया का मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी मनोहर लाल भिलाला द्वारा चुनरी ओढर स्वागत किया गया. वहीं नलखेड़ा भिलाला समाज युवाओं के द्वारा विक्रांत भूरिया का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया एवं आने वाली 8 फरवरी को माता शबरी जन्मोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण पत्र दिया.

## एक नजर में



### रुनाहा में करियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित

**रुनाहा (बैरसिया), 1 फरवरी.** रुनाहा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिवस करियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को करियर के संबंध में मार्गदर्शन देने के साथ ही तनावमुक्त रहने, स्वस्थ्य रहने के तरीके बताए गए. शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत कर्नल धीरज सिंह जामवाल, एसएसबी परीक्षा उत्तीर्ण शिवांग गुप्ता, प्राचार्य श्रीप्रकाश विजवर्गीय, प्रभारी प्राचार्य आनंद प्रकाश लकड़ा, करियर मार्गदर्शन प्रभारी आनंद कुमार शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, ओ पी जगलोनिया, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अंकित वर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा. कार्यक्रम में कर्नल जामवाल ने लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षा, मेडिकल और साक्षात्कार के बारे में विस्तार से जानकारी दी. वहीं मैदान में शारीरिक फिटनेस के मंत्र बताए और दौड़, 9 फीट डिच, बीम और हाइट का अभ्यास करवाया तथा मेडिकल फिटनेस के बारे में बताया. उन्होंने मन को शांत और स्थिर रखने के लिए रिलेक्सेशन विधि और ध्यान के बारे में बताया और विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए. साथ विद्यार्थियों की समस्याओं का हल बताया. कर्नल जामवाल ने और विद्यालय के स्टाफ तथा विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय में अनुशासन के साथ-साथ सभी विधाओं में विद्यार्थी सक्रिय हैं .पहला शासकीय विद्यालय देखा, जहां अध्यापन के साथ सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद सभी प्रकार की गतिविधियों में विद्यार्थी अव्वल हैं.

### छात्राओं को दिया करियर संबंधी मार्गदर्शन

**बैरसिया, 1 फरवरी.** पीएम श्री शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया में 27 से 31 जनवरी तक विद्यार्थी करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया गया, जिसका शनिवार को समापन हो गया. स्कूल प्राचार्य गीता जोशी के मुताबिक इस करियर काउंसलिंग मेले में 10 वीं 11वीं ओर 12 वीं कक्षाओ की 800 छात्राओं की सहभागिता रही. जहां छात्राओं के भविष्य के विकल्प, योग्यता आधारित करियर, सरकारी नौकरियों, उच्च शिक्षा और आईटीआई क्षेत्र की विभिन्न ट्रेडों की जानकारी दी गई. इसी प्रकार प्रत्येक दिन करियर काउंसलिंग के रोस्टर अनुसार विभिन्न महाविद्यालयों के प्रोफेसरों ने छात्राओं को करियर संबंधित मार्गदर्शन दिया. मेले के समापन कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दिनेश शुक्ला ने किया. जहां थाना प्रभारी वीरेन्द्र सेन एवं बैरसिया महाविद्यालय की प्रोफेसर प्रतीक्षा सेन ने कहा कि करियर मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सही समय पर सही दिशा देना है. जिससे वे सोच समझकर करियर चुन सकें. छात्राओं ने भी करियर सम्बंधी कई सवाल किए, जिसका विशेषज्ञों ने जवाब दिए. इस अवसर पर शिशुपाल सिंह राजपूत, सुजाता पुरोहित, निधि श्रीवास्तव, विवेक द्विवेदी, एम एस ठाकुर, सुरेश कुमार अहिरवार, किरण निखोरिया, शहाना कौसर, मानशी शर्मा, अनिता वर्मा सहित समूचा स्टाफ मौजूद रहा.

### कोचिंग संचालकों की कार्यकारिणी घोषित




**मंडीदीप, 1 फरवरी.** नगर मंडीदीप में एक शिक्षक पर लगे छेड़खानी के आरोप के बाद रविवार को समस्त कोचिंग संचालकों द्वारा एक मीटिंग रखी गई,जिसमें नगर के प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए विचार विमर्श हुआ. इस दौरान सभी कोचिंग संचालकों ने निंदा करते हुए उक्त घटना की जांच की मांग की. इस दौरान सभी कोचिंग संचालकों द्वारा मंडीदीप कोचिंग शिक्षक संघ का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष ब्रह्मानंद नायक, सचिव एस पी विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सोम सिंह पाल, कोषाध्यक्ष अनूप यादव को बनाया गया.



## असमय बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान

**नीमच.** जिले में असमय बारिश के साथ कई गांवों में ओलावृष्टि हुई, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है. ओलों और बारिश से गेहूं-चना फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है.

# जहरीली मिठाई कांड में तीन गिरफ्तार

- बहू और परिवार को खत्म करने की रची थी साजिश

**छिंदवाड़ा 1 फरवरी. जुन्नारदेव पुलिस ने पीएचई विभाग के कार्यालय के बाहर मिली जहरीली मिठाई से हुई तीन मौतों की गुत्थी सुलझा ली है.**

पुलिस ने इस मामले में सनसनीखेज खुलासा करते हुए मृतिका खुशबू के ससुर, देवर और ननद को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने बदनामी का बदला लेने के लिए मिठाई में सोमल (आर्सेनिक) मिलाकर पूरे परिवार की हत्या की साजिश रची थी. बता दे कि जनवरी 2026 की रात जुन्नारदेव स्थित पीएचई कार्यालय के गेट के पास एक अज्ञात बैग



लटका मिला था, जिसमें सब्जी और नमकीन के साथ मिठाई का डिब्बा रखा था. 9 जनवरी को इस मिठाई को चौकीदार दशरू यदुवंशी ने खाया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. अगले दिन 10 जनवरी को पास ही चाय का ठेला लगाने वाले मुकेश कथुरिया की पत्नी संतोषी ने बची हुई मिठाई अपने बच्चों और ससुर को खिला दी. जहरीली मिठाई के सेवन से सुंदरलाल कथुरिया और खुशबू कथुरिया की भी मौत हो गई, जबकि संतोषी और उसकी बेटी पूजा अस्पताल में इलाज के बाद ठीक हो गईं. सायबर सेल की मदद से जब जांच शुरू हुई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए.

## आरोपी शिक्षक के समर्थन में उतरे ग्रामीण, जांच की मांग की

**शिवपुरी, 1 फरवरी. शिवपुरी पुलिस अधीक्षक के पास आज एक पिता ने अपने पुत्र के बचाव के लिए शिकायती पत्र सौंपा है. मामला एक महिला के बलात्कार से जुड़ा है.**

पिता के साथ लगभग 50 ग्रामीण भी महिला के खिलाफ आए थे, सभी का कहना है कि लेनदेन के मामले को बलात्कार में कन्वर्ट कर दिया गया है. पिता का कहना था कि मेरा पुत्र शासकीय शिक्षक है और एक साजिश के तहत ओर झूठी कहानी के आधार पर यह मामला दर्ज करवाया गया है. इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और जब तक जांच नहीं होती है जब तक शिक्षक को गिरफ्तार नहीं किया जाए. शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग के भौंती थाना सीमा की खोड चौकी सीमा मे निवास करने वाले सुरेश राय ने बताया कि उनके पुत्र चंद्रशेखर राय, जो कि एक शासकीय शिक्षक हैं. मेरे पुत्र के विरुद्ध पुलिस चौकी खोड़ में बलात्कार का मामला दर्ज कराया गया है. महिला ने अपने पति के कहने पर द्वेषवश यह झूठा अपराध पंजीबद्ध कराया है. प्रार्थी का कहना है कि इस प्रकरण से उनके पुत्र का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नहीं है. पिता का आरोप है शिकायत दुर्भावनापूर्ण है, इसका उद्देश्य केवल उनके परिवार को मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करना है.

# कांग्रेस ने शहर में निकाला सद्भावना मार्च




- नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की

**जबलपुर, 1 फरवरी. कांग्रेस पार्टी की 140 वर्षों की गौरवशाली विरासत, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को आम जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से रविवार को विरासत के रक्षकों के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा भव्य सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया.**

यह सद्भावना मार्च डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर से टाउन हॉल में संपन्न हुआ. समापन अवसर पर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया. पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने तख्तियों और बैनरों के माध्यम से सामाजिक एकता, लोकतंत्र की मजबूती एवं संविधान की रक्षा से संबंधित संदेश दिए. कार्यक्रम में विरासत के रक्षक,वरिष्ठ कांग्रेसजन, पार्षदगण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

**प्रसारण** | भाजपा पदाधिकारियों व उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप मौजूद रहे

# बजट विकसित भारत परिकल्पना को पूर्ण करेगा

नवभारत न्यूज

**रतलाम. लोकसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र सरकार का बजट लगातार 9वीं बार प्रस्तुत किया.**

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जिला मुख्यालय रतलाम में इसका सीधा प्रसारण विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर देखा गया. इसमें भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय बजट को देखने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप भी उपस्थित रहे. विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर बजट प्रसारण को लेकर भाजपा



कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया. मंत्री श्री काश्यप के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण ने बजट का प्रसारण देखा. काश्यप ने केंद्रीय बजट को आम जन के हित का बजट बताते हुए कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को पूर्ण करने वाला बजट है.

### कार्यकर्ताओं ने जीवाजी क्लब में देखा बजट

**ग्वालियर.** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीवाजी क्लब लॉन में केंद्रीय बजट की प्रस्तुति का सामूहिक रूप से श्रवण एवं अवलोकन किया. इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बजट का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसमें बजट की प्रमुख घोषणाओं और विकसित भारत के विजन को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई. सभी ने प्रस्तुत बजट को देश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम बताया.

## बैरसिया : राशन वितरण में धांधली

- कांग्रेस ने की कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी को बदलने की मांग

**बैरसिया, 1 फरवरी. प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव राजकुमारी सुंदरलाल केवट ने बैरसिया विकासखंड में सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली (पीडीएस) में धांधली के आरोप लगाए हैं.**

उनका कहना है कि बैरसिया शहरी क्षेत्र में 8 उपभोक्ता भंडार एवं ग्रामीण क्षेत्र में 126 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं. 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मयंक द्विवेदी के अधीन है, जहां उचित मूल्य की दुकानें बगैर किसी ठोस कारणों के सस्पेंड कर अपने चहेते डीलरों को अटैच कर उन्हें अनुचित लाभ पहुंचा रहे हैं.

वहीं महिला कांग्रेस महासचिव राजकुमारी का कहना है कि उन्हें ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता राशन नहीं मिलने अथवा दुकानें नहीं खुलने व राशन पर्ची जारी सम्बंधी समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय के पीछे कनिष्ठ खाद्य अधिकारी के कार्यालय के चक्कर काटते रोज नजर आ रहे हैं. कई उपभोक्ता एसडीएम जनसुनवाई में भी राशन वितरण प्रणाली से जुड़ी अपनी समस्याएं बता चुके हैं.

उन्होंने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को तत्काल बदलने की मांग कलेक्टर से की है.